(ग) बरौनी स्टेशन पर गाड़ियों के उपयुक्त मिलान द्वारा, जहां गाड़ी बदलनी होती है, बरौनी होकर बारसोई तक यात्रा लगभग उतने ही समय में पूरी की जा सकती है जितनी फरक्का के रास्ते ।

(घ) जी हां ।

(ङ) अभी तक इस लाइन के आमान-परिवर्तन के लिए कोई निर्णय नहीं लिया गया है ।

बड़ी गंडक पर छितौनी पुल

1185. **श्री रामधारी शास्त्री** : क्या रेल मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) बगहा (बिहार) को जोड़ने वाला बड़ी गंडक पर प्रस्तावित छितौनी पुल (जिला देवरिया, उत्तर प्रदेश) कब तक पूरा हो जायेगा; और

(ख) उक्त पुल के निर्माण कार्य पर अब तक कितनी प्रगति हुई है और उसके निर्माण पर अनुमानत: कितनी लागत आयेगी ?

रेल मंत्री (प्रो० मधु दंडवते) : (क) प्रस्तावित बगहा-छितौनी सम्पर्क परियोजना के पूरा होने में लगभग चार वर्ष का समय लगने की सम्भावना है ।

(ख) 23 किलोमीटर लम्बाई में से लगभग 10 किलोमीटर की विरचना पूरी हो चुकी है । 23 छोटे पुलों का निर्माण भी पूरा हो गया है । नदी के नियन्त्रण कार्य को छोड़ कर, इस परियोजना के निर्माण की कुल अनुमानित लागत 6.74 करोड़ रुपये है ।

बिहार के संथाल परगना जिले में रेलवे लाइन बिछाना

1186. **श्री जगदम्बी प्रसाद यादव** : क्या रेल मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या बिहार में संथाल परगना ही ऐसा जिला है जिसका मुख्यालय धुमका तथा दूसरे नम्बर का शहर गोड्डा रेलवे लाइन से सकड़ों किलोमीटर दूर है;

(ख) क्या इस जिले के हजारों ग्रामवासियों तथा आदिवासियों ने अभी तक रेल गाड़ी भी नहीं देखी है और यह अत्यन्त पिछड़ा जिला है तथा यहां प्राय: अकाल पड़ता रहता है; और

(ग) क्या रेलवे विभाग का विचार यहां पर रेलवे लाइन बिछाने सम्बन्धी कार्य को शुरू करने का है ?

रेल मंत्री (प्रो० मधु दंडवते) : (क) से (ग). मन्दार हिल से दुमका, दुमका से साइंथिया, दुमका से बैद्यनाथ धाम और दुमका से रामपुरहाट तक बड़े आमान की नयी लाइनों के लिए टोह इंजीनियरी एवं यातायात सर्वेक्षण किये गये हैं । प्रस्तावित लाइनें लगभग 237 कि० मी० लम्बी होंगी और वर्तमान कीमतों के अनुसार उन पर लगभग 35 करोड़ रुपये की लागत आने का अनुमान है । इन लाइनों पर पर्याप्त यातायात नहीं होगा इसलिए वे लाभप्रद भी नहीं पायी गयी हैं । भागलपुर-मन्दार हिल लाइन को बैद्यनाथ धाम (देवगढ़) तक बढ़ाने के लिए प्रारम्भिक-इंजीनियरी एवं यातायात सर्वेक्षण के काम को इस वर्ष के बजट में शामिल कर लिया गया है ।

Hitting of Drug Units by shortage of Raw Materials

1187. SHRI K. LAKKAPPA: Will the Minister of PETROLEUM AND CHEMICALS AND FERTILIZERS be pleased to state:

(a) whether raw material shortage has hit drug units in the country;

(b) whether small scale pharmaceutical units have been compelled to curtail production of drugs; and

(c) if so, facts thereof?